वर्ष 2 अंक 3

अप्रैल-जून 2018

# शाला ध्वनि

## KVS NEWS

तत् त्वं पूषन् अपावृणु


केन्द्रीय विद्यालय संगठन











- प्रधानमंत्री के साथ परीक्षा पर चर्चा
- भुवनेश्वर में के.वि. नं. 5 व 6 का उद्घाटन
- के.वि. मुगलसराय में पं. दीनदयाल प्रेक्षागृह का शिलान्यास
- जम्मू-कश्मीर के बच्चों की मैत्री यात्रा
- विश्रुति कार्यक्रम के तहत प्रदर्शनी
- बैक टू बेसिक्स और लर्निंग आउटकम्स पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

# प्रधानमंत्री की बच्चों के साथ 'परीक्षा पर चर्चा'

नई दिल्ली (16 फरवरी 2018): परीक्षा के तनाव से जूझ रही देश की युवा पीढ़ी को इस वर्ष स्वयं देश के प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। 16 फरवरी को नई दिल्ली स्थित तालकटोरा इनडोर स्टेडियम में आयोजित 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विद्यार्थियों के साथ सीधे बातचीत की। उन्होंने बच्चों को परीक्षा के तनाव से बचने के गुर सिखाए। बच्चे भी देश के प्रधानमंत्री को गुरू के रूप में देखकर अभिभूत थे। इस कार्यक्रम को दूरदर्शन और विभिन्न समाचार चैनलों पर लाइव प्रसारित किया गया। देश और विदेश में फैले समस्त केन्द्रीय विद्यालयों के बच्चों ने स्कूल में टेलीविजन के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी के लाभकारी उद्बोधन को सुना। मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित इस अनोखे कार्यक्रम के आयोजन में केन्द्रीय विद्यालय संगठन को मुख्य भूमिका प्रदान की गई थी।

इस कार्यक्रम में 2200 से अधिक स्कूली व कॉलेज विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें केन्द्रीय विद्यालयों, जवाहर नवोदय विद्यालयों, दिल्ली सरकार के विद्यालयों, निजी विद्यालयों, दिल्ली छावनी परिषद के विद्यालयों, नई दिल्ली नगर पालिका के विद्यालयों और एआईसीटीई से संबद्ध तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थी और उनके शिक्षक शामिल थे।

## पोस्टर और भित्ती चित्रण प्रतियोगिता

माननीय प्रधानमंत्री जी के आगमन पर 'परीक्षा का तनाव घटाने के उपाय' विषय पर पोस्टर और भित्ती चित्रण प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसके लिए आयोजित प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों ने भाग लिया। सभी जगहों से प्राप्त पोस्टरों को निर्णायक मंडल के समक्ष प्रस्तुत किया गया और अंततः प्रदर्शनी के लिए 50 पोस्टर चयनित हुए। केन्द्रीय विद्यालयों में पढ़ रहे जिन विद्यार्थियों के पोस्टरों का चयन हुआ उनमें के.वि. क्रं 1 भुवनेश्वर के देबारत सिंह और के.वि. क्रं 1 कंकड़बाग पटना की अंशिका राज शामिल थीं। इन बच्चों को कार्यक्रम के दिन माननीय प्रधानमंत्री जी से मिलने और उनके समक्ष अपनी कला को प्रस्तुत करने का अवसर मिला। इसी प्रकार केन्द्रीय विद्यालय रजोकरी की विद्यार्थी दिपाली यादव के भित्ती चित्रण को भी मुख्य प्रदर्शनी में शामिल करने के लिए चयनित किया गया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम

दिल्ली के विभिन्न केन्द्रीय विद्यालयों से चुने गये 37 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने माननीय प्रधानमंत्री जी के समक्ष मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। योग, खेल और देशभक्ति की भावना को एक साथ समेटे हुए प्रस्तुत किये गये नृत्य ने ऐसा समां बांधा कि दर्शक निस्तब्ध रह गये।



स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# प्रधानमंत्री के गुरू मंत्र

- परीक्षा कोई हौव्वा नहीं है, इससे डरने की आवश्यकता नहीं।
- परीक्षा दें लेकिन अंक और परिणामों की चिंता न करें।
- प्रतिस्पर्धा नहीं स्वस्पर्धा करें।
- कसौटी पर कसने से बढ़ता है आत्मविश्वास।
- माता–पिता की मंशा पर संदेह न करें, वे हमेशा बच्चे का भला चाहते हैं।
- अपने माता–पिता के साथ खुलकर बात करें।
- माता–पिता अपने बच्चे की तुलना अन्य बच्चों से न करें।
- अपने बच्चे की मौलिक प्रतिभा को पहचानें अभिभावक।
- हर बच्चें में छिपा होता है कोई न कोई हुनर।
- अपने सपनों का बोझ बच्चों पर न डालें अभिभावक।
- योग और ध्यान अपनाएं इससे ऊर्जा का संचार होता है।
- मन, बुद्धि और आत्मा के तारतम्य से बढ़ती है एकाग्रता।
- फोकस करने के लिए डीफोकस होना सीखें।
- कभी निराशा घेर ले तो पंचमहाभूतों (पृथ्वी, अग्नि, जल, आकाश, वायु) के संपर्क में आएं।
- अपने अंदर के विद्यार्थी को कभी न खत्म होने दें।



# भुवनेश्वर में दो केन्द्रीय विद्यालय भवनों का उद्घाटन




भुवनेश्वरः 31 मार्च 2018 को भुवनेश्वर में दो नए केन्द्रीय विद्यालय भवनों का उद्घाटन किया गया। भुवनेश्वर स्थित के.वि. क्रं 5, कलिंग नगर और के.वि. क्रं 6, पोखरीपुट के भवनों का उद्घाटन देश के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान द्वारा किया गया। इस अवसर पर उड़ीसा सरकार के पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री श्री अशोक चंद्र पांडा और भुवनेश्वर के सांसद डॉ. प्रसन्ना कुमार पटसानी विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।

| | केन्द्रीय विद्यालय क्रं. 5 | केन्द्रीय विद्यालय क्रं. 6 |
|---|---|---|
| कुल क्षेत्रफल | 3.65 एकड | 4 एकड |
| परियोजना की लागत | रु. 13.28 करोड़ | रु. 17.93 करोड़ |
| सुविधाएं | 24 कक्षाएं। दो कंप्यूटर लैब। फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायो लैब। जूनियर साइंस लैब। चिकित्सा कक्ष। गतिविधि कक्ष। पुस्तकालय। रैम्प। दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष शौचालय। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग | |
| लाभार्थी | 1200 विद्यार्थी | 1200 विद्यार्थी |



# के.वि. मुगलसराय में पं. दीनदयाल प्रेक्षागृह का शिलान्यास

मुगलसराय (27 जनवरी 2018): उत्तर प्रदेश में जिला चंदौली स्थित केन्द्रीय विद्यालय मुगलसराय में 27 जनवरी 2018 को केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री प्रकाश जावडेकर द्वारा बहुउद्देशीय प्रेक्षागृह का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर चंदौली के सांसद डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। रु. 8.9 करोड़ लागत से तैयार होने वाले इस प्रेक्षागृह में 624 सीटों की क्षमता होगी। प्रेक्षागृह का कुल क्षेत्रफल 1600 वर्ग मीटर है और उसमें मंच, ग्रीन रूम, वीआईपी कक्ष के अलावा दो बैडमिंटन कोर्ट भी होंगे।






स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# जम्मू-कश्मीर के विद्यार्थियों की मैत्री यात्रा

नई दिल्ली (19 जनवरी 2018): केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय और जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा 18 से 27 जनवरी 2018 तक एक मैत्री यात्रा का आयोजन किया गया, जिसके तहत कश्मीर के स्कूली विद्यार्थियों के साथ बाकी देश के बच्चों के साथ मुलाकात और मेल-जोल को बढ़ावा दिया गया। पायलट प्रोजेक्ट के तहत 550 विद्यार्थियों ने इस यात्रा में भाग लिया। कश्मीर से आए विद्यार्थियों को केन्द्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों और बाल भवन में ठहराया गया। इनमें केन्द्रीय विद्यालय जेएनयू और केन्द्रीय विद्यालय नं 1 दिल्ली कैंट में बच्चे ठहरे। 19 जनवरी को केन्द्रीय विद्यालय नं. 1 दिल्ली कैंट में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें के.वि.सं. के अपर आयुक्त श्री उदय नारायण खवाड़े मुख्य अतिथि रहे। जबकि मानव संसाधन विकास मंत्रालय की वरिष्ठ शिक्षा सलाहकार श्रीमती गौरी कालरा विशेष रूप से उपस्थित थीं। इस अवसर पर कश्मीर से आए बच्चों और केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों ने सामूहिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। यह यात्रा बच्चों को एक-दूसरे को समझने और अपनेपन का भाव जागृत करने का अवसर प्रदान करती है।





स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# Training Programme on 'Learning Outcomes' and 'Back To Basics'

Mysore: A Training Programme for implementation of 'Learning Outcomes' and 'Back To Basics' in Kendriya Vidyalayas was organized at Regional Institute of Education, NCERT in Mysore from 19th to 20th February 2018. Sh. U.N. Khaware, Additional Commissioner (Acad), KVS addressed the august gathering about this unique concept.




# Trainers' Meet

The group of participants in the Trainers Meet of KVS State Bharat Scouts & Guides was organized at KV No. 3, Bhubaneswar from 7th to 8th January 2018.






स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# EXHIBITION on VISHRUTI: Empowering Adolescent Girls of KVS

New Delhi: The Exhibition cum interactive Session on VISHRUTI Programme was held on 29 January 2018 at KV Gole Market. The chief guest for the day was Dr. Prachee Javadekar, Director CEO of Pargha Research & Consultancy Services (PRCS). She was accompanied by a number of distinguished guests including Mrs. Seema Piyush Goyal, and the team from PRCS, Dr. Gandhali Divekar, Dr. Sachin Bhide and Mr. Mandar Kelkar.

Launched on the 71st Independence Day eve in 2017, VISHRUTI has brought about a transformation in the girl students of Class VI, VII and VIII of 18 KVs in the last six months. The content of the programme was split into nine Modules: Career Choices, Self Discovery, Self Discipline, Communication, Health and Fitness, Home Economics, Learning with Google, Responsible Freedom and Art Appreciation wherein each module covered different aspects of personality development. The teacher trainers covered the modules by engaging students in different activities. A quick look at some creative exhibits of KV Girls:






स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# Achievements



Km. Haritika student of KV IMA Dehradun (class XII) got first position in Hindi Essay Writing Competition held on 7th Feb 2018 and was awarded with cash prize Rs 50,000 at national level. It was organized by Central Ground Water Board, Ministry of Water Resources, River Developments & Conservation of Ganges, Govt of India.

Binita Pal of Class IX-C of Kendriya Vidyalaya No. 2, Nausena Baugh won the competition (Category 9th to 12th) organized by DRDO to commemorate its 60th year of journey in the service of the nation. The competition was open through MyGovportal as well as on DRDO website.





Nandana of KV No. 1 Calicut got selected to represent India in U-17 Volleyball team for the Asian Championship held in Thailand.



Master Aditya Prakash, student of class XI at KV No. 1 Mangaluru got selected for 58th International Mathematics Olympiad (IMO 2017) held in Rio De Janeiro in Brazil.

Km. Pidugu Harshitha, class IX of Kendriya Vidyalaya Bolarum, Secunderabad participated in the Guinness World Records "The Largest Kuchipudi Dance" which was organised by Silicon Andhra (USA) and the Dept. of Language and Culture of the Govt. of Andhra Pradesh (India) in Andhra Pradesh. The largest Kuchipudi dance had 6,117 participants.





Bhumika of class XI, KV BSF Chhawla got Bronze in Hammer Throw at Khelo India

NCC Cadet Aniket Kotkar, student of KV No. 1 Ahmednagar participated in Republic Day Camp 2018. He was awarded in various levels.

1. Best Cadet – 17MahBn NCC Ahmednagar.
2. Best Cadet – Group HQ Aurangabad
3. Republic Day Camp Jan. 2018
   He participated in following events

- Flag Area
- PM Rally
- Group Song



# संभागों से समाचार



## BULBUL UTSAV

Bulbul Utsav was conducted in KV NAD Aluva in connection with Thinking Day. The bulbuls of the Vidyalaya displayed various activities.

Annual Day Celebration at KV Chamera No. 1, Khairi, NHPC.





Celebration of Matra Bhasha Divas at KV FRI, Dehradun.

Distribution of tablets to Class VII students of KV Picket.





10 students of KV Bolarum along with an escort, participated in ongoing experimentation held at the institute IICT from 8th to 10th January 2018 as part of JIGYASA programme. The students were taken to bio-engineering and environmental science department unit by the renowned research scholars and scientists and shown how waste is converted into useful products which are eco-friendly such as bio plastic, bio diesel etc. The students were taken to pilot plant of bio diesel, fluor organic, lipid research centre etc. and were updated with the latest technology and its applications that are being used in various fields.



स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

20 students (11 boys & 09 girls) of Raipur Region participated in Jigyasa programme held at CSIR-NEERI, Nagpur from 17th - 19th January 2018.






Students participating in Painting Competition organized under National Youth Day Celebration at KV Dongargarh in Chhattisgarh.

## भावी जीवन की शुभकामनाएं:



श्री ए.के. भारद्वाज
सहायक आयुक्त (वित्त)
28.3.2018
अधिवर्षिता



श्री भूरी सिंह
सहायक अनुभाग अधिकारी
28.02.2018
अधिवर्षिता




श्री कृष्ण लाल सैनी
सहायक अनुभाग अधिकारी
27.4.2018
अधिवर्षिता



श्रीमती रजनी भल्ला
निजी सचिव
27.4.2018
अधिवर्षिता

# KVS in News / खबरों में के.वि.सं.

**TIMES OF INDIA** — 17 February 2018, Page 01 & 09


READY FOR 2019 POLLS EXAM: PM


परीक्षा पर चर्चा: प्रधानमंत्री मोदी के साथ

Interacting with school and college students preparing for exams in a session titled 'Pariksha Par Charcha', PM Narendra Modi said self-confidence comes by challenging oneself and students should not get affected by an adverse result. Asked by a Class X student how he was preparing for his "board exam" – the next Lok Sabha polls – he replied, "Exam, result and marks should be a by-product. You have done your work, the result will come... All my time, energy, strength and mental capability is spent on 125 crore Indians." | P 9


**नवोदय टाइम्स** — 10 January 2018, Page 09


केंद्रीय विद्यालय के छात्र करेंगे टैबलेट से पढाई

**The Statesman** — 17 February 2018, Page 07


Pariksha Par Charcha: Students get pre-exam pep-talk from PM

**The Indian EXPRESS** — 17 February 2018, Page 05


ADDRESS TO SCHOOL STUDENTS


Mein aapka dost hoon: Modi shares some pre-exam tips

**अमर उजाला** — 17 February 2018, Page 01 - 13


आज मेरी परीक्षा और आप परीक्षक, अंक बाद में देना : मोदी

प्रधानमंत्री का छात्रों को गुरुमंत्र : प्रतिस्पर्धा नहीं, अनुस्पर्धा कीजिए, अपने अंदर के छात्र को न मरने दें

**THE HINDU** — 17 February 2018, Page 05


Focus on your studies and work, Modi tells students

**जनसत्ता** — 12 February 2018, Page 02


स्कूलों में अब लगेंगे 'डिजिटल ब्लैकबोर्ड'

**जनसत्ता** — 17 Febuary 2018, Page 01


प्रधानमंत्री की पाठशाला

कामयाबी के गुरुमंत्र से अभिभूत हुए छात्र

प्रधानमंत्री की 'परीक्षा' पर सवाल

**TEAM:**

**Patron:** Santosh Kumar Mall, Commissioner, KVS

**Editor-in-Chief:** U.N. Khaware, Additional Commissioner (Acad)

**Editor:** Dr. E. Prabhakar, Joint Commissioner (Training)

**Editorial In-Charge:** Sachin Rathore, Assistant Editor

**Proof Reader:** Negpal Singh, KVS (HQ)

Readers can send their comments, suggestions through e-mail at: **shaaladhwani@gmail.com**

Published by U.N. Khaware, Additional Commissioner (Acad) on behalf of Kendriya Vidyalaya Sangathan and printed at M/S Dolphin Printo-Grpahis, 4E/7, Pabla Building, Jhandewalan Extn, New Delhi-110055

KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, New Delhi-110016
www.kvsangathan.nic.in

Designed By: Adworth Media Pvt. Ltd.